epaper
हिन्दुस्तान

मोदी ने कहा, आम बजट में बहुत अहम प्रावधान किए गए

# नई व्यवस्थाओं में भारत की आत्मनिर्भरता जरूरी

03/03/2022

**नई दिल्ली। एजेंसी**

आह्वान

प्रधानमत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को कहा कि दुनिया में बन रही नई व्यवस्थाओं को देखते हुए भारत का आत्मनिर्भर होना बहुत आवश्यक है। उन्होंने संचार के क्षेत्र में विदेशों पर निर्भरता को भी कम से कम करने का आह्वान किया।

प्रौद्योगिकी को लेकर आयोजित एक वेबिनार को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि इस बार के आम बजट में विज्ञान और प्रौद्योगिकी के लिए जो प्रावधान किए गए हैं, वह बहुत महत्वपूर्ण हैं। इनका तेजी से क्रियान्वयन बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि विज्ञान और प्रौद्योगिकी डिजिटल अर्थव्यवस्था से जुड़ा व आधुनिक प्रौद्योगिकी पर आधारित है। प्रौद्योगिकी नागरिकों को सशक्त करने और देश को आत्मनिर्भर बनाने का प्रमुख आधार है। उन्होंने कहा कि आज ही अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने अपने एक भाषण में अमेरिका को आत्मनिर्भर बनाने की बात कही और उन्होंने भी मेड इन अमेरिका पर बहुत जोर दिया।